# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 442 / /प्रशा0/MSU/2025–26 दिनांक: 20.05.25

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

विषय : नैक की वैधता के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। संज्ञान में आया है कि महाविद्यालयों द्वारा पूर्व में नैक मूल्यांकन कराया गया था तथा उसकी वैधता अवधि समाप्त हो चुकी है, किन्तु वैधता समाप्ति के बाद भी महाविद्यालयों द्वारा अपने लेटर हेड एवं प्रचार–प्रसार हेतु नैक मूल्यांकन का उल्लेख किया जा रहा है। उक्त स्थिति पर मा0 कुलपति महोदया द्वारा गहरी अप्रसन्नता व्यक्त की गई है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि जिन महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन की वैधता अवधि समाप्त हो चुकी है, वह अपने लेटर हेड एवं प्रचार–प्रसार हेतु संस्थान के नैक मूल्यांकित होने का उल्लेख कदापि न करें। यदि उनके द्वारा इस प्रकार का प्रचार–प्रसार किया जाता है तथा उक्त कृत्य के कारण कोई विधिक बिन्दु उत्पन्न होता है तो उसके लिए सम्बन्धित संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगें।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ/ सहारनपुर मण्डल।
02. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त कार्यालय ज्ञाप को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुये निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
03. परीक्षा नियंत्रक।
04. वित्त अधिकारी।
05. उप कुलसचिव।
06. समस्त सहायक कुलसचिव।
07. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।

सहायक कुलसचिव